
# कैनवास पर बच्चों ने उकेरे प्रकृति के विविध रंग



चिड़ियाघर में आयोजित प्रतियोगिता में चित्र बनातीं छात्राएं • जागरण

जागरण संवाददाता, पटना : एक हजार से अधिक बच्चों ने जब कूची थामी और कैनवास पर प्रकृति के विविध रंग उकेरे तो यह नजारा देखने लायक था। अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर संजय गांधी जैविक उद्यान में सोमवार को राज्यस्तरीय चित्रांकन एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्कूली बच्चों ने जैव विविधता से संबंधित तस्वीरें बनायीं। कक्षा एक से चार तक के बच्चों ने 'चिड़ियां मेरे आसपास' विषय पर तस्वीरें बनाई। तस्वीर के माध्यम से दिखाया कि पक्षी हमारे आसपास ही रहते हैं। कक्षा पांच से आठ तक के छात्र-छात्राओं ने 'जल में जीवन' तथा कक्षा नौ से 12वीं के विद्यार्थियों ने "जैव विविधता : शहरी क्षेत्र में जरूरी क्यों? विषय पर चित्रांकन किया।

**22 मई को विजेताओं को किया जाएगा पुरस्कृत**

**अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर संजय गांधी जैविक उद्यान में चित्रांकन एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता**

चित्रांकन प्रतियोगिता में पटना जिले के 24 सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के 1165 विद्यार्थियों ने भाग लिया। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को जैव विविधता के महत्व से अवगत कराना एवं उसके संरक्षण के प्रति जागरूक बनाना था। चित्रांकन प्रतियोगिता में ग्रुप ए से 398, ग्रुप बी से 506 और ग्रुप सी से 261 छात्र-छात्रों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने जैव विविधता की महत्ता को दर्शाते हुए सुंदर एवं रचनात्मक चित्र प्रस्तुत किए।



चिड़ियाघर में आयोजित चित्रांकन प्रतियोगिता में शामिल बच्चे • जागरण